
## खबर संक्षेप



### पेंटिंग के माध्यम से धरती को हरा-भरा बनाने किया जागरूक

**कटनी।** जिले के बड़वारा ब्लॉक अंतर्गत बंदरी गांव निवासी समाजसेवी रामकिशोर चौधरी द्वारा बताया गया कि विश्व पृथ्वी दिवस पर मेरी बेटी प्रागनी कक्षा 8 और बेटा हिमांशु चौधरी कक्षा 10 में पढाई कर रहे है। इन्होने पृथ्वी दिवस पर पृथ्वी का चित्र बनाया और अपने सभी दोस्त भाइयों को दिखाया और धरती माता को संरक्षित रखने तथा हरा भरा बनाने में सहयोग करने को भी कहा है। यह बताया कि आज जब पूरी दुनिया में प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं. इस लिए पृथ्वी दिवस का महत्व और भी बढ़ गया है। पृथ्वी दिवस के मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संबंधी मुद्दों और पर्यावरण संरक्षण में आने वाली समस्याओं से लड़ना। विश्व पृथ्वी दिवस हमें यह बताता है कि कैसे पृथ्वी को बचाने के लिए मिलकर काम करना होगा। इसके लिए प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करें। रिसाइकिल करने पर जोर दें। जब बिजली की आवश्यक्ता ना हो तो लाइट और पंखे बंद कर दें। हम सब मिलकर धरती को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने का लें संकल्प। पर्यावरण को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाना हम सब की जिम्मेदारी है।

### खितौली में टेलर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बरही।** थाना अंतर्गत खितौली में एक टेलर द्वारा आत्महत्या किये जाने की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार संतोष यादव 40 वर्ष ने साड़ी को पंखे में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। संतोष यादव ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका पता नहीं चल पाया। घटना की जानकारी मिलते ही खितौली पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची एवं जांच पड़ताल की। युवक द्वारा खुदकुशी किये जाने के कारणों का पता लगाने पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्ट मार्टम पंचनामा करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लापता बालक एवं बालिका को किया दस्तयाब

**कटनी।** कुठला पुलिस ने लापता बालक एवं बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व के अपराध में गुमशुदा बालिका एवं गुमशुदा बालक को सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, रवि शुक्ला द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत दस्तयाब किया गया है। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका एवं बालक को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया । बालिका एवं बालक के मिलने पर परिजनों ने कुठला पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, रवि शुक्ला, महिला प्रधान आरक्षक सविता तिवारी, आरक्षक अजय पाठक एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### कटनी जिला प्रदेश के 4 अग्रणी जिलों में शामिल

**कटनी।** राज्य शासन के जलगंगा संवर्धन डैशबोर्ड में प्रदेश के 55 जिलों के द्वारा अब तक जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत किये गये क्रियाकलापों के आधार पर जारी की गई रैंकिंग में कटनी जिला प्रदेश में चौथे स्थान पर है। राज्य स्तर पर जारी रैंकिंग में कटनी जिले में पुराने कृषि आधारित कार्यों, खेत तालाब निर्माण, कपिलधारा कुओं का निर्माण, अमृत सरोवर और माय भारत पोर्टल में जलदूतों के पंजीयन कार्य में उत्कृष्ट उपलब्धियों और कार्यो के क्रियान्वयन के लिए ओवरआल 34 अंक अर्जित कर प्रदेश में चौथा स्थान अर्जित किया।

## लाखों रूपए खर्च कर भवन तो तान दिया लेकिन स्वास्थ्य सुविधाएं बेपटरी

# डॉक्टर न स्टाफ, लाखों रूपए फूंक कर बनाई गई बिल्डिंग बनी शोपीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा




सरकारी अस्पताल में मुफ्त एवं रियायती स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार द्वारा लाखों रूपए खर्च कर बिल्डिंग तो खड़ी कर दी जाती है लेकिन जिस मंशा से निर्माण किया जाता है उसका मूल मकसद पूरा हो पाता। बात हो रही है सरकारी अस्पतालों की। मुख्यालय से लेकर ग्राम स्तर तक सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भवन बनाकर डाक्टर एवं स्टाफ की पदस्थापना करना बिसरा दिया जाता है। नतीजा लाखों रूपए की बिल्डिंग महज शोपीस साबित होने लगी है। सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग या तो कई किमी का सफर करने को मजबूर होते हैं या फिर निजी अस्पताल में महंगा इलाज करवाने विवश होते हैं।

ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय के बीच बनी लाखों रूपए फूंककर बनाई गई बिल्डिंग कई वर्षों से डॉक्टर विहीन है। यहां पर्याप्त स्टाफ भी नहीं है। दूर-दूर से लोग यहां इलाज की आशा लेकर की पहुंचते हैं लेकिन डॉक्टर न होने के कारण लोग उदास होकर के बैरंग वापस लौट जाते हैं। यह बिल्डिंग तहसील मुख्यालय के बीच पर स्थित है और डॉक्टर की कमी होने के कारण यह एक केवल शो पीस बनकर खड़ी है। कई बार हादसों में घायलों को त्वरित उपचार की सुविधा मुहैया नहीं हो पाती जिससे मौत तक हो जाती है। घायलों को 25 से 30 किलोमीटर ले जाना पड़ता है तब जाकर उन्हें इलाज मिलता है या पोस्टमार्टम किया जाता है तब तक सुबह से शाम हो जाती है क्योंकि ढीमरखेड़ा क्षेत्र में उमरियापान के अलावा कहीं भी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं है जिस कारण से लोगों को दर-दर भटकना पड़ता है।

ढीमरखेड़ा मुख्यालय से कटारिया ग्राम पंचायत की दूरी 30 से 35 किलोमीटर और ग्राम पंचायत खमरिया की दूरी 35 से 40 किलोमीटर की दूरी है और यह क्षेत्र जंगली क्षेत्र है जो की उसे क्षेत्र से आने-जाने में लोगों को आज सुविधा उठानी पड़ती है अगर इस क्षेत्र में कोई व्यक्ति बीमार पड़ता है या किसी कारण से मृत हो जाता है तो उसके इलाज या पोस्टमार्टम के लिए गाड़ी वहां वालों को पैसा भी अतिरिक्त देना पड़ता है और पूरा दिन का समय दुखित पीड़ित परिवार को देना पड़ता है

### नेताओं को नहीं सरोकार

ढीमरखेड़ा क्षेत्र के लोगों क्षेत्रीय नेताओं से कई बार कम से कम एक डॉक्टर की पदस्थापना करवाये जाने की मांग की जा रही है लेकिन वह भी पूरी नहीं हो पा रही। ग्रामीणों का कहना है कि नेता बातें को बड़ी बड़ी करते है लेकिन रात गई बात गई वाली चरितार्थ होती हैं। ग्रामीणजनों द्वारा मौजूदा विधायक एवं पूर्व विधायकों को भी कई बार इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षण कराया लेकिन हर बात की तरह बस आश्वासन का लालीपॉप ही मिला। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से अति शीघ्र डॉक्टर की पदस्थापना कराये जाने की मांग की है ताकि मरीजों, घायलों एवं महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया मिल सके।



# सड़क हादसे में युवक की मौत, मां एवं बहनें घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**गंभीर रूप से घायल मां एवं बहन को कटनी किया गया रेफर**

सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हाादसा बरही मुख्यालय से 8 किलोमीटर दूर उमरिया जिले के अमरपुर चौकी अंतर्गत पुल के पास हुआ। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाम लगा दिया था। मौके पर पहुँची पुलिस ने ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराते हुए जाम खुलवाया और मृतक का पोस्टमार्टम उपरान्त मर्ग कायम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के मुताबिक अमरपुर निवासी शुभम प्रजापति 18 वर्ष अपनी माँ मीराबाई 50 वर्ष, बहन शिवानी 20 वर्ष, सरोज 22 वर्ष के साथ बाइक में सवार होकर घर से खेत के लिए रवाना हुआ था, तभी भदार नदी के पुल के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शुभम की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी माँ और 2 बहने गंभीर रूप से घायल है, जिन्हें बरही में प्राथमिक उपचार के बाद कटनी रेफर कर दिया गया है। यह घटना सुबह करीब 10 बजे की है।



# मजदूरी नहीं मिलने से परेशान महिलाओं ने ज्ञापन सौंपकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी में मनेरगा के मजदूरी नहीं आने के कारण मजदूर वर्ग को परिवार के पालन पोषण में परेशानी हो रही है। महिला मजदूरों ने ग्राम पंचायत सरपंच पंचों बाई और उपसरपंच राहुल राय को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द मजदूरी देने की माग की है । रामबाई,गोमती चौधरी,प्रमोद साहू ,मोहन मिश्रा ,रश्मि कोल, शिवकमारी चौधरी ने बताया कि हमने जनवरी 2025 में सूखा नाला संतोष साहू के खेत के पास में लगातार तीन से चार सप्ताह कार्य किया है जिसकी अभी तक भुगतान नहीं हुआ । सरपंच और उपसरपंच ने बताया कि मजदूरी का भुगतान भोपाल स्तर से होता है । हम लोग लगातार उच्च अधिकारियों से संपर्क में है हमारा प्रयास हैं कि सभी मजदूरों को जल्द से जल्द पूरा पैसा मिल जाए ।



### सिलौंडी की बेटी का राज्य स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन

**सिलौंडी** सिलौंडी निवासी सुरेंद्र सेन और रुकमणी सेन की बेटी परी सेन जो कि सिलौंडी कक्षा 10वीं शास कन्या उ मा वि सिलौंडी से क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में राज्य स्तर तक पहुंचकर 2024 में विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी कटनी के कर कमल से पुरस्कार प्राप्त करते दिया । सिलौंडी की बेटी ने गांव का नाम रोशन कर दिया है । पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, जनपद पंचायत सदस्य माधुरी रवि अवस्थी,सरपंच पंचों संतोष बर्मन ,उपसरपंच राहुल राय, पूर्व सरपंच डॉक्टर मनमोहन राय,पूर्व उपसरपंच प्रहलाद सेन ,पंच पुनीत सेन ,प्राचार्य विशाल वरकडे, जनशिक्षक संतोष बर्मन,सचिव शालिग्राम तिवारी, ने बेटी को शुभकामना देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है

## मेधावी छात्र एवं अभिभावक सम्मान समारोह



कक्षा आठवी तक के छात्रों एवं उनके अभिभावको के सम्मान हेतु मेधावी छात्र अभिभावक सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं विषिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, विशेष अतिथि भाजपा जिला के महामंत्री सुनील उपाध्याय रहे। कार्यक्रम बारडोली जनकल्याण समिति द्वारा संचालित बारडोली पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ । मेधावी छात्र अभिभावक कार्यक्रम शिप्रा निगम के द्वारा आयोजित की गई । लाइम सिटी प्राचार्य डॉ. नैनसी डायर, दीपक टंडन सोनी का, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रागिनी सिंह ने मनीष पाठक का, सचिव क्षिप्रा निगम ने सुनील उपाध्याय का पुष्प गुच्छ से, स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में बारडोली महाविद्यालय के छात्रों द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर माइम एवं स्वच्छता अभियान के तहत लघुनाटिका का प्रदर्शन किया गया जिनका अतिथियों, छात्रों एवं उनके अभिभावकों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई ।

# नरवाई में आग लगाने से होने वाले दुष्प्रभावों से कराया जा रहा अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में नरवाई की घटनाओं को रोकने के लिये कृषि अभियांत्रिकी विभाग कटनी द्वारा नरवाई प्रबंधन जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। इसका उद्येश्य किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है। इसके माध्यम से उन्नत कृषि यंत्रों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। भूसा का उपयोग पशु आहार, जैविक उर्जा का उत्पादन, जैव उर्वरक उत्पादन, कागज बनाने के उद्योग आदि में किया जाता है।

नरवाई प्रबंधन यंत्र जैसे हैप्पी सीडर एवं सुपर सीडर के माध्यम से खेत में बिना नरवाई जलाये सीधे बोनी की जा सकती है। नरवाई को सरक्षित रखने से मिट्टी की उर्वरकता तथा उत्पादन क्षमता भी बढ़ती है। जिससे फसलों का उत्पादन बढ़ता है और किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होती है।

नरवाई में आग लगाने से होने वाले दुष्परिणाम में मिट्टी में पाये जाने वाले मित्रकीट मर जाते हैं, मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है, पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। मिट्टी कठोर हो जाती है तथा जन-धन की हानि होती है। सहायक कृषि यंत्री कृति पाण्डेय ने जिले के किसान भाईयों से अपील करते हुये कहा कि नरवाई न जलाकर उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर समय व पैसों की बचत करें। कटनी जिले में नरवाई प्रबंधन जारूकता रथ का भ्रमण हथकुरी, डिठवारा, हरदुआ, पान उमरिया, आदि ग्रामों में हुआ है।

## नगर निगम उपायुक्त ने लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# संबल योजना एवं ई-केवायसी के लंबित प्रकरणों का पांच दिवस में करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार द्वारा बुधवार 23 अप्रैल को शासन की जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत नगर निगम में संबल योजना के पंजीयन तथा ई-के.वाई.सी के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर इस कार्य में संलग्न कर्मचारियों को प्राथमिकता से लंबित प्रकरणों का निराकरण करनें के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे के निर्देश पर समग्र ई-केवाईसी की सुविधा का नागरिकों को लाभ प्रदान करने की दृष्टि से प्रत्येक वार्ड में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



बैठक में उपायुक्त श्री अहिरवार द्वारा संबल में पंजीयन हेतु निकाय में प्राप्त आवेदनों के सत्यापन और पंजीयन की कार्यवाही की समीक्षा की तथा शासन द्वारा नियत समयावधि में प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निकाय के माध्यम से संचालित संबल योजना की समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व में प्राप्त लगभग 4 हजार लंबित आवेदनों में से बुधवार तक 3 हजार आवेदनों का निराकरण होना पाया गया।

23 अप्रैल की स्थिति में नवीन प्राप्त आवेदनों सहित कुल 1127 आवेदन लंबित पाये जानें पर उपायुक्त पवन अहिरवार द्वारा प्रकरणों में सत्यापन और पंजीयन की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ आगामी पाँच दिवस में पूर्ण करने के निर्देश टीम के कर्मचारियों को दिए गए।

### समग्र ई-केवायसी कार्य में तेजी लाने के निर्देश

शासन निर्देशों के अनुपालन में हितग्राही मूलक योजनाओं से प्रत्येक पात्र हितग्राही को नागरिकों को लाभान्तिव करनें के उद्धेश्य से नगर निगम कटनी द्वारा आयोजित विशेष अभियान के तहत कराये जा रहे समग्र ई-केव्हायसी कार्य की समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री अहिरवार नें डोर- टू - डोर संपर्क कर नागरिकों को ई-के.वाई.सी की आवश्यकता की जानकारी प्रदान करते हुए शीध्रता से शत-प्रतिशत नागरिकों की ई-केव्हायसी का कार्य पूर्ण करनें के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पर हुई कार्यशाला

# महिला एवं बच्चों से संबंधित मामलों में बरतें गंभीरता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पुलिस विभाग एवं आवाज़ संस्था के संयुक्त तत्वावधान मे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो) के संबंध में एक दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस क्षमता वर्धन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया उपस्थित रहे। इनके अलावा अतिथि गणों में उपपुलिस अधीक्षक प्रभात शुक्ला ,सहायक लोक अभियोजन अधिकारी श्री द्विवेदी, डीसीपीओ मनीष तिवारी, जेजेबी सदस्य राम बिहारी गुप्ता, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष योगेश बघेल, एसजेपीयू प्रभारी फरजाना परवीन एवं 16 थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी और ऊर्जा हेल्प डेस्क प्रभारी शामिल रहे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहेरिया द्वारा अपने उद्बोधन मे बताया गया की महिला और बच्चों से संबंधित मामलों मे गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है। हमारे समाज मे बहुत सारी कुरीतियाँ है जैसे बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल दुर्व्यापार। साथ ही बच्चों के साथ लैंगिक शोषण जैसे संवेदनशील विषयों पर तुरंत कार्यवाही करने की आवश्यकता है।

उप पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार शुक्ला ने कहा कि पॉक्सो कानून मे अपराध दर्ज होने पर 24 घंटे के अंदर तुरंत कार्यवाही की जानी चाहिए। आवाज़ संस्था के प्रोग्राम कोर्डिनेटर अनीता राजपाली द्वारा पॉक्सो अधिनियम का परिचय, अवधारणा और उद्देश्य, सहायक व्यक्तियों, जिम्मेदारियां, पुलिस कि भूमिका को लेकर जानकारी दी गई।

जिला समन्वयक देवेंद्र ने किशोर न्याय ( बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम 2015 )कि जानकारी दी साथ ही आवाज़ संस्था की कल्पना द्विवेदी द्वारा रेस्क्यू प्रक्रिया व उससे सम्बंधित प्रारूप पर विस्तृत जानकारी दी।

# खलिहान में लगी आग से अनाज सहित ट्रेक्टर एवं थ्रेसर जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बरही तहसील क्षेत्र के खिरहनी गांव में दोपहर करीब दो बजे के आस पास अचानक आग लग जाने से किसान का भारी नुकसान हुआ है। किसान ने बताया कि लगभग दस से पन्द्रह बोरा अनाज जल गया। आग की लपटों ने खलिहान में खड़े ट्रैक्टर एवं थ्रेसर को भी चपेट में ले लिया जिससे ट्रैक्टर व थ्रेसर भी जल के नष्ट हो गया। घटना के कारण गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग बाल्टी पाइप और पानी के अन्य साधनों के साथ खेतों की ओर दौड़े, और लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। इस सम्बंध कि जानकारी बरही तहसीलदार नितिन पटैल को दी गई, जिनके द्वारा उक्त हल्का पटवारी को रवाना कर किसान के हुए नुकसान का मुआयना कर रिपोर्ट बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

उक्त घटना को लेकर फायर ब्रिगेड गाड़ी के ड्राइवर को फोन किया गया, लेकिन क्षेत्र के ही देवराखुर्द गांव में भी एक किसान के खेत मे आग लगी हुई थी। जिसके चलते वाहन को वहां भेज दिया गया था। वाहन न पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा आस पास के खेतों कि मशीन चलवाकर गुम्मो में पानी भर भर कर आग बुझाया गया हालांकि इतने में ही आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल आग लगने के सही कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है।

## खबर संक्षेप

### एमएसडब्ल्यू के डायरेक्टर एवं प्लांट हेड को समन जारी

**कटनी।** मेसर्स कटनी एम.एस.डब्लू. प्रा.लि. ग्राम पडरवारा, तहसील मुडवारा को म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल द्वारा सशर्त जलवायु सम्मति प्रदान की गई थी। परंतु जब म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय के अधिकारियों द्वारा उद्योग का निरीक्षण किया गया, तब पाया गया कि उद्योग द्वारा जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 43/47 एवं पर्यावरण (सरंक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 15 एवं 17 का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। तदुपरांत बोर्ड द्वारा उद्योग के डायरेक्टर गण हेमा प्रसाद, संतराम बायतारू, अनुपमा मिश्रा एवं प्लांट हेड शांतनु कुमार एवं आदित्य कुमार के विरूद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कटनी के न्यायालय में जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 43/47 एवं पर्यावरण (सरंक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 15 एवं 17 के तहत प्रकरण क्रमांक 829/2025 4 अप्रैल 2025 को दायर किया गया था। जिस पर 21 अप्रैल 2025 को सुधांशु तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी के आग्रह पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुये उपरोक्त अभियुक्त गणो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुये समस्त अभियुक्तगणों को 24 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित होने के लिये सम्मन जारी किये गये है।

### रैली निकाल कर पानी बचाने के लिए किया लोगों को जागरूक

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ पानी बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के सहयोग से ग्राम बंडा में रैली निकालकर जल संवर्धन हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान को चलाए जाने का उद्देश्य यह है की शासन के साथ-साथ समाज की जन भागीदारी से ही किसी आवश्यक अभियान को मूर्त रूप दिया जा सकता है, इसलिए समाज भी अपनी जवाबदारी को समझे और शासन के साथ कदम से कदम मिलाकर सहभागी बने। जिससे भविष्य में आम जन को जल का संकट ना हो और प्राकृतिक जल स्रोतों में हमेशा जल की पूर्ति बनी रहे।

### खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान




**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत सही भोजन, स्वस्थ जीवन के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को समझाइश और निर्देश दिया जा रहा है कि स्ट्रीट फूड में फूड कलर, अजीनोमोटो, एसेंस, विनेगर का उपयोग कम मात्रा में किया जाये। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अतिरिक्त आमजन को जागरूक करने मोबाइल फूड वैन के माध्यम से शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन करने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत भी फास्ट फूड, जंक फूड की दुकानों एवं चौपाटी की सघन जांच की जा रही है। इस दौरान केशरवानी चाट भंडार से आलू टिक्की, मसाला टिकिया, ब्रैड पाव, पिज्जा बेस के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जो राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

---

**महापौर एवं निगमायुक्त की मौजूदगी में निगम के कार्यों एवं योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक**

# प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण कराएं निर्माण कार्य ताकि बारिश में न हो जलभराव की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर की चिन्हित पात्र अनाधिकृत कॉलोनियों में निवासरत नागरिकों को नागरिक सुविधाएं तथा भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करनें शासन के कॉलोनी डेवलपमेंट नियम के अनुसार शिविरों को आयोजन कर कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर भवन निर्माण के लिए नक्शा पास करनें की प्रक्रिया पूर्ण की जाए ताकि शान और स्वाभिमान के साथ स्वयं के स्वीकृत नक्शे के मकान में कॉलोनी के रहवासी रह सकें। उक्त निर्देश महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में निगम आयुक्त नीलेश दुबे विशेष रूप से मौजूद रहे।

महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनाधिकृत कॉलानी के रहवासियों हेतु विकास शुल्क की राशि जमा करने के लिए आयोजित किये जाने वाले शिविरों का निगम के माध्यम सहित समाचार पत्रों सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के माध्यमों से पर्याप्त प्रचार-प्रसार किया जाए, तथा शिविरों का आयोजन स्थल एवं समय नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से निर्धारित किया जाए, ताकि अनाधिकृत कॉलोनी में रहने वाले अधिक से अधिक नागरिकों को शिविरों के आयोजन संबंधी पूर्व सूचना मिल सके और वे शिविर का भरपूर लाभ प्राप्त कर सके। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्य में स्थानीय पार्षदों का सहयोग भी लिये जानें के निर्देश महापौर सूरी ने दिए। महापौर सूरी नें आमजन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आयोजित होने वाले शिविरों में विकास शुल्क की राशि जमा करनें हेतु नियमानुसार किश्तों की सुविधा प्रदान करनें तथा निर्मित ई.डब्ल्यू.एस व एल.आई.जी, संरचनाओं के आधार पर नियमानुसार छूट का लाभ प्रदान करने की बात कही।

### शीघ्रता से पूर्ण करें निर्माण कार्य

महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक में नगर में छात्र छात्राओं के पठन-पाठन की सुविधा हेतु डीएमएफ मद के तहत नगर के के.सी.एस स्कूल में कराये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। इसके अलावा अन्य विकास कार्यो के प्रस्ताव शीध्रता से तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। निगम मद से नगर के विभिन्न वार्डो में कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यो की समीक्षा कर आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्रता से कार्यो को पूर्ण करानें के निर्देश विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों का उद्देश्य जनता के जीवन स्तर को सुधारना है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि विकास कार्य समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिए जाएं।

### जलप्लावन की न हो समस्या

महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक के दौरान जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक कराये जानें वाले निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर आगामी वर्षा ऋतु में स्थल पर उत्पन्न होने वाली जलप्लावन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु नाला एवं शेष अन्य निर्माण कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करनें के निर्देश दिए। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित करनें के भी निर्देश महापौर ने दिए। बैठक में मार्ग के प्रभावितों को मुआवजा वितरण की कार्यवाही की समीक्षा की जाकर मुआवजा वितरण के कार्य में तेजी लानें के निर्देश दिए। बैठक में निगम के महत्वपूर्ण पत्राचारों एवं उनपर की गई कार्यवाही के संबध में भी विस्तार से चर्चा की जाकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त ने सीवर लाईन विस्तार के कार्य हेतु प्लानिंग के तहत पूर्व से कार्य के संबंध में सूचित करनें के निर्देश दिए।

---



# जिले में 18 हजार 621 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 85 खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 2 हजार 661 किसानों से 18 हजार 621 मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया जा चुका है।

### बहोरीबंद अव्वल

गेहूँ खरीदी के मामले में बहोरीबंद तहसील अग्रणी है। यहां अब तक 801 कृषकों से 5 हजार 532 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। गेहूँ उपार्जन के मामले में ढीमरखेड़ा तहसील दूसरे स्थान पर है। जहां 686 किसानों से 4 हजार 290 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है। वहीं तीसरे स्थान पर जिले की स्लीमनाबाद तहसील है। जहां 315 किसानों ने 2 हजार 615 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ तहसील गेहूँ खरीदी के मामले में जिले में चौथे स्थान पर है। जहां 335 किसानों ने 2 हजार 401 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा रीठी तहसील जिले में पांचवे स्थान पर है। जहां के 345 किसानों ने 2 हजार 210 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और कटनी ग्रामीण एवं कटनी नगर तहसील संयुक्त रूप से छठवें पायदान पर है। जहां अब तक 108 किसानों ने 1 हजार 49 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इसके अलावा बरही तहसील में 40 किसानों ने 300 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री की है। इस प्रकार गेहूँ उपार्जन के मामले में बरही तहसील सातवे स्थान पर है। जबकि बड़वारा तहसील के 31 किसानों ने 225 मीट्रिक टन गेहूँ की बिक्री किया है। और बड़वारा गेहूँ उपार्जन के मामले में जिले में अंतिम पायदान पर है।

---

**सिविल लाइन में पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम**

# हमारा ग्रह, हमारी शक्ति थीम के तहत विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर दिलीप यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह के मार्गदर्शन में सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिविल लाइन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हमारा ग्रह, हमारी शक्ति रही। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बताया गया कि हम किस प्रकार पृथ्वी को ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से बचा सकते हैं। इस अवसर पर चित्र कला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में बर्डस्ले सीनियर सेकेंडरी स्कूल और सी.एम. राइज़ मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, झिंझरी के छात्रों ने भी भाग लिया। हम किस प्रकार अपने ग्रह धरती माता को बचा सकते हैं विषय पर गंभीर चर्चा की और विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के द्वारा स्काउट्स और गाइड्स सहित भविष्य की युवा पीढ़ी को इस महत्वपूर्ण विषय के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रबंधक, फादर एंटोनी कावंगल, उप प्राचार्या सिस्टर लीना रोज समेत विभिन्न स्कूलों के स्काउटर-गाइडर उपस्थित रहे। जिला सचिव लक्ष्मीकांत गर्ग, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, त्रिलोक डेहरिया, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जसरुप कौर और आयुष कुशवाहा आए। जबकि द्वितीय स्थान पर गरिमा दीवान और मो. नुर ने जगह बनाई। चित्रकला प्रतियोगिता में गरिमा यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं स्नेहा राजपूत और सतवानी को क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान मिला।

कार्यक्रम के अंत में कैलेप जिला कोऑर्डिनेटर कु. रिया कनौजिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में 250 से अधिक स्काउट गाइड रोवर रेंजर ने भाग लिया यह कार्यक्रम न केवल जागरूकता फैलाने के लिए महत्वपूर्ण था, बल्कि युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का प्रयास भी रहा।

---

### प्रशिक्षण के उपरांत छात्रों की हुई प्रायोगिक परीक्षा



प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को मध्य प्रदेश शासन शिक्षा विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर व्ही के द्विवेदी के सहयोग से जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत बीए द्वितीय वर्ष एवं बीएससी द्वितीय वर्ष की व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत जैविक खेती की लिखित एवं मौखिक प्रायोगिक परीक्षा ली गई प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई द्वारा प्रायोगिक परीक्षा का निरीक्षण किया गया एवं गुणवत्तापूर्ण परीक्षा तथा मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शन दिया गया जिससे विद्यार्थी आगामी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी कर सके। बाह्य परीक्षक अश्विनी कुमार गर्ग एवं आंतरिक परीक्षक रामसुख दुबे ने परीक्षा संपन्न करवाया।

---

# पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पीरबाबा का उर्स स्थगित, कैंडिल जला दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जम्मूकश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाव में हुए आतंकवादी हमले में 26से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद पूरे देश भर में शोक औऱ रोष का माहौल है।

इस नरसंहार की घटना की सभी धर्मावलंबियों के साथ तमाम सामाजिक राजनैतिक संगठनों ने निंदा की है। इस ख़ौफ़नाक घटना के बाद कटनी में भी शोक का माहौल है। इस दुःखद घटना के बाद पीरबाबा में आयोजित होने बाले सालाना उर्स 2025 के सभी कार्यक्रम आगामी दिनों के लिए स्थगित कर दिए गए है।

बुधवार सायंकाल 5 बजे शहीदों को कैंडिल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा गहन शोक व्यक्त किया गया।इस मौके पर पीरबाबा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू , उर्स आयोजन प्रभारी राजेन्द्र कुमार दुबे पप्पू भैया पीर बाबा कमेटी अध्यक्ष तनवीर खान उर्स प्रभारी राजेंद्र दुबे शेर ए परस्त हजरत फहीम अशरफ शाहाब मारूफ अहमद हनफी रवि श्रीवास्तव अन्वर खान अवकाश जायसवाल अजहरुद्दीन भाई अज्जू सुनील हसीजा हाजी हवीब मुफीद भाई काजी वसीम इरफान खान शाहरुख भाई फिरोज भाई लिप्पू भाई की उपस्थिति रही।सभी ने एक स्वर में कहा पहलगाम की ये आतंकवादी घटना अत्यंत निंदनीय है। पीरबाबा उर्स कमेटी इसकी कड़ी निंदा करती है। कौमी एकता की मिसाल पीरबाबा के सालाना उर्स 2025 के सभी कार्यक्रम को आगामी समय तक लिए निरस्त किए जाते है।

---

**वरिष्ठ पार्षद ने पत्र लिखकर प्रमुख सचिव का कराया ध्यानाकर्षण**

# अधिकारियों की मिलीभगत से लाखों रूपए का भ्रष्टाचार कर पहुंचाई क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन ने आरोप लगाया है कि कटनी एम.एस. डब्ल्यू. द्वारा नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से धोखाधड़ी व भ्रष्टाचार करके लाखों रुपये की आमदनी करके शासन व निगम कोष को क्षति पहुँचाई जा रही है ।

मिथलेश जैन ने म.प्र. शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव, कलेक्टर कटनी, महापौर, आयुक्त नगर निगम कटनी को पत्र लिखकर ध्यानाकर्षण कराया गया है कि नगर निगम कटनी द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कचड़ा एकत्रीकरण, परिवहन और प्रसंस्करण का कार्य कटनी एम.एस.डब्ल्यू. को दिया गया है । कार्य के संबंध में बनाई गई डी.पी.आर. (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) एवं कटनी एम.एस.डब्ल्यू. से नगर निगम द्वारा किये गये अनुबंध पत्र में नगर निगम सीमा क्षेत्र का संपूर्ण रेल्वे क्षेत्र एवं आर्डिनेस फैक्ट्री क्षेत्र का कचड़ा एकत्रीकरण कार्य, परिवहन कार्य और प्लांट में प्रसंस्करण करने का कोई भी अनुबंध नहीं हुआ है । यह जानकारी प्राप्त हुई है कि विगत 3-4 वर्षों से ज्यादा समय से कटनी एमएसडब्ल्यू द्वारा नगर निगम परिषद की सक्षम स्वीकृति एवं सक्षम अनुबंध के बिना ही रेल्वे क्षेत्र एवं आयुध निर्माणी क्षेत्र का कचड़ा वहाँ के ठेकेदार की मिलीभगत से कटनी एम.एस. डब्ल्यू. द्वारा संचालित नगर निगम के अमीरगंज/ पड़रवारा, (रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड) स्थित प्लांट में एकत्रित किया जा रहा है।

पत्र में यह भी बतलाया गया है कि यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि वहाँ से प्राप्त कचड़े की तौल नगर निगम क्षेत्र से इकट्ठा किये गये कचड़े के रुप में की जाकर नगर निगम को फर्जी बिल देकर लाखों रुपये की राशियों का भुगतान प्राप्त किया जा रहा है और ऐसे कचड़े को प्लांट में प्राप्त करने के लिए आयुध निर्माण एवं रेल्वे के कचड़ा ठेकेदारों से कटनी एम.एस.डब्ल्यू. के कर्मचारियों के द्वारा अलग से राशि प्राप्त करके डी.पी.आर. एवं अनुबंध शर्तों का घोर उल्लघंन किया जा रहा है, इसके कारण नगर निगम कटनी को लाखों रुपये की क्षति हुई है । यह कार्य धोखाधड़ी एवं अमानत में ख्यानत का अपराध है ।

श्री जैन द्वारा जानकारी मांगे जाने पर पमरे के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा पत्र क्र. जबल/ आर.टी.आई./ 351/25 दिनांक 16-04-2025 के माध्यम से मंडल चिकित्सा अधिकारी के द्वारा दी गई जानकारी भेजी गई । जिसके अनुसार रेल्वे (एन.के.जे.) की सभी कॉलोनियों से प्राप्त कचड़े को ठेकेदार द्वारा नगर निगम के निर्देशित स्थान (प्लांट) पर संग्रहित किया जा रहा है । इस प्रकार यह प्रमाणित है कि कटनी एम.एस.डब्ल्यू. द्वारा पूर्णतः अवैधानिक कार्य करते हुए नगर निगम कोष को लाखों रुपये की क्षति पहुँचाई गई है । स्वतंत्र इंजीनियर एवं ननि अधिकारियों/ कर्मचारियों के द्वारा भी उक्त तथ्य के संबंध में जानकारी होने पर भी रोक न लगाई जाना व कार्यवाही न किया जाना, इस बात का प्रमाण है कि वे भी उक्त गलत कार्य में कटनी एम.एस.डब्ल्यू. के साथ लिप्त है । श्री जैन ने पुलिस अधीक्षक, आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर से एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

---

**एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ब्रिगेडियर ने किया निरीक्षण**

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी






32 एमपी बटालियन एनसीसी कटनी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 177 लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में 27 अप्रैल 2025 तक में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 प्रतिभागी कैडेट सहभागिता कर रहे हैं। मंगलवार 22 अप्रैल को कलेक्टतर श्री दिलीप कुमार यादव ने एनसीसी कैडेट्स के बीच पहुंचकर उत्साहिवर्धन किया। प्रथम सत्र में सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया एवं एनसीसी कैडेट्स से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उनके जीवन में एनसीसी एवं उनके ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र के लघुकालीन एवं दीर्घकालीन लाभों के विषय में बताया।

आगे एनसीसी के विषय में सार्थक उल्लेख करते हुए उन्होंने कैडेट्स के लिए परेड के दौरान उनके अल्पाहार एवं एनसीसी कैडेट्स के यूनिफॉर्म के विषय में जानकारी दी। एनसीसी में कैडेट्स की रुचि को बढ़ाने हेतु उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैम्प एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैम्प यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के विषय में भी बताया गया। इस जानकारी ने कैडेट्स के मनोबल को नया आयाम एवं नई ऊर्जा प्रदान की।

संबोधन उपरांत ब्रिगेडियर बहुगुणा ने प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के आवासीय कक्षों का, रसोई कक्ष का एवं कैंप के हर पहलू का बारीकी से निरीक्षण किया तथा अंत में कैडेट्स के साथ लंच किया। इस दौरान कैडेट्स उनके व्यक्तित्व से और अधिक परिचित हुए।

प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय सत्र में कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कैडेट्स से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भविष्य में मिलने वाले तथा जीवन की दिशा तय करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के चयन करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारी प्रदान की। कैडेट्स ने भी अपने करियर से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे और अपने प्रश्नों का समाधान पाया।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह सभी पीआई स्टाफ और सभी एएनओ उपस्थित रहे।

---

# सिहुड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सिहुड़ी में गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा कार्यक्रम

24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी के अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप

### भक्ति भाव और भव्यता से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**दमोह।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार एवं विप्र कुल शिरोमणि भगवान परशुराम का जन्मोत्सव 30 अप्रैल (बुधवार) को पूर्ण भक्ति भाव एवं भव्यता से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर सिविल वार्ड नं. 4 के शिव पार्वती मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक हुई। प्रवक्ता बीएम दुबे ने बताया कि इस बैठक में उपस्थित विप्र जनों की सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 30 अप्रैल को प्रातः 8 बजे पॉलिटेक्निक के पास परशुराम टेकरी पर भगवान परशुराम का पूजन, अर्चन, हवन एवं प्रसाद वितरण होगा। प्रातः 10 बजे से सिविल वार्ड नं. 4 में स्थित शिव पार्वती मंदिर में सुंदरकांड प्रारंभ होगा एवं शाम 5 बजे यहीं से एक भव्य शोभा यात्रा प्रस्थान करेगी जो कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घंटाघर, अस्पताल चौराहा, कोऑपरेटिव बैंक चौराहा होते हुए शिव पार्वती मंदिर पर समापन होगा तथा यहां पर शाम 7:30 बजे विशाल भंडारे का आयोजन होगा। बैठक के अंत में पहलगाम आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु पर गहन शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई।

### नीति आयोग की टीम ने अधिकारियों के साथ पंचमनगर परियोजना का जायजा लिया

**दमोह।** नीति आयोग की टीम ने सीतानगर पंहुचकर पंचमनगर परियोजना का अवलोकन किया। दमोह के कृषि और राजस्व व अन्य विभागों के अधिकारियों व किसान संघ जिला अध्यक्ष की मौजूदगी ने पंचमनगर परियोजना से होने वाली सिंचाई के संबंध में जानकारी ली गई। उक्त सम्बंध मे शुक्रवार को कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के साथ सभी अधिकारियों की मीटिंग होगी उसी के संबंध में स्थल निरीक्षण करना बताया गया, बटियागढ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी भी रहे मौजूद।

### 33,322 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन उड़द और मूंग बोई गई

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 29 हजार 480 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल बोई गई है, इसी प्रकार उड़द 3482 हेक्टेयर में बोई गई है, इस प्रकार जिले में 33,322 हेक्टेयर क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन उड़द और मूंग बोई गई है। उक्त आशय की जानकारी उप संचालक कृषि श्री प्रजापति द्वारा दी गई है।

### मुनिसुव्रत तीर्थ में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जन्म कल्याणक मनाया

# महापुरुष भारत भूमि पर ही जन्म लेते हैं - आचार्य श्री उदार सागर जी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिले के ग्राम बांसा तारखेडा के मुनिसुव्रत तीर्थ में पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हो रहा हैं। इसी दौरान बुधवार को भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस दौरान सुबह सवेरे भगवान आदिनाथ का जन्म हुआ। वहीं इसके बाद आचार्य उदार सागर जी महाराज के प्रवचनों का आयोजन किया गया। आचार्य उदार सागर जी ने कहा कि भगवान अजितनाथ के समोसारण में मौजूद सगर चक्रवती ने प्रश्न किया कि तीर्थंकरों का जन्म कम हुआ करता है। तो इस पर आचार्यों ने कहा कि जब लोगों की रुचि धर्म से कम होने लगती है तब तीर्थंकरों का जन्म होता है। तीर्थंकर भगवंत इस धरती पर जन्म लेते हैं। विवाह की सभ्य परंपरा नाभिराय से शुरू हुई है। लोग प्रश्न करते है कि तीर्थंकर जब जन्म लेते तो राजा के यहां क्यों होता है। यह निरर्थक प्रश्न है। क्योंकि ऐसे महा पुरुषों का जन्म उनके पुण्य से होता हैं। तीर्थंकर पुण्य हीन नहीं होते। तीर्थंकर प्रगति का प्रभाव होता हैं। भगवान के आने के छः माह पहले ही रत्न बरसते हैं। तीर्थंकर के आगमन के पहले उनके आने के पहले रत्न बरसते हैं। सारे भक्त भगवान की भक्ति करने जमा हुए है। भारत की भूमि पर ही भगवान ने जन्म क्यों लिया। क्योंकि जन्म के लिए भी क्षेत्र का चयन होता हैं। महापुरुष भारत की पुण्य भूमि पर ही अवतरित होते हैं। बंधुओं क्षेत्र का प्रभाव होता है। महाभारत आपने देखी होगी। युद्ध के पहले श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा कि धरती का चयन होगा। बरसते पानी में श्री कृष्ण जगह का चयन करने निकले। उन्होंने इस भूमि का चयन किया। श्री कृष्ण ने अर्जुन से कहा जहां मां का पुत्र के प्रति प्रेम समाप्त हो जाता हैं। वहां पर ही भाई भाई के बीच लड़ाई होगी। फिर उसके बाद बही पर युद्ध हुआ। आचार्य श्री ने कहा मंदिर क्यों जाना जरूरी होता हैं। क्योंकि जिनेंद्र भगवान की उपासना करने के लिए मंदिर जाना जरूरी होता है। तीर्थंकर भगवान का आज अवतरण हैं। जिनका जन्म कल्याणक मना रहे है वह अपना कल्याण करने के लिए है। आजकल जन्मदिन मनाने की पाश्चात्य परंपरा गलत हैं। आप जो कर रहे हो वह सही नहीं है। हमें बच्चे को केक काटकर काटना नहीं सिखाना चाहिए बल्कि आप बच्चों को जोड़ना सिखाओ। दीपक जलाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम करो। बूंदी का लड्डु हमे एकता के साथ रहना सिखाती हैं। तीर्थंकर का अभिषेक करने वाला इंद्र जन्माभिषेक करके नियम से अगले भव में मनुष्य बनकर मोक्ष जाता हैं। आप भी जन्माभिषेक करके मोक्ष प्राप्त करें। उदार सागर जी महाराज के प्रवचनों के पश्चात भगवान को सौधर्म इंद्र के द्वारा जन्म कल्याण शोभायात्रा के माध्यम से ऐरावत हाथी पर बैठाकर पाण्डुक शिला ले जाया गया। जहां पर भगवान का जन्माभिषेक किया गया। इसी दौरान तीर्थ पर बने जैन मंदिर का उद्घाटन पूर्व न्यायमूर्ति माननीय श्रीमती विमला जैन एवं IAS सुरेश जैन द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

# पुलिस ने चोरी गए ट्रेक्टर एवं ट्राली को आरोपियों से किया बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ग्राम झराली से अज्ञात चोरी के द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को चुराकर ले गए थे तेंदूखेड़ा पुलिस ने तीन दिन के अंदर अज्ञात चोरो को पकडकर ट्रेक्टर ट्राली जप्त की गई है। साथ ही तीनो आरोपियो को आज न्यायालय में पेष किया जाएगा। ज्ञात हो कि दिनांक 20 अप्रेल 2025 को प्रार्थी किशन पिता चेतराम केवट उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम झरौली थाना तेन्दूखेड़ा ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखवाई थी कि घर के पास से नया बिना नंबर का स्वराज कम्पनी का नीला 742 ट्रेक्टर मय ट्राली के दिनांक 19 अप्रेल 2025 को रात्रि में करीब 11.30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गए है। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 155/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान तलाश में आरोपीगण राजा पिता जीवन गौड़ ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम झरौली थाना तेन्दूखेड़ा, छोटे सींग पिता मुन्ना सींग गौड़ ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम महगुवां खुर्द थाना तेन्दूखेड़ा, आकाश पिता डब्बल सींग गौड़ ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पांडाझिर थाना तेन्दूखेड़ा से पूछताछ की गई और आरोपियो के द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया गया। साथ ही आरोपी राजा ठाकुर से मामले में चोरी गया ट्रेक्टर स्वराज कम्पनी का मय ट्राली के बरामद किया गया। गठित टीम में उपनिरी, नीतेश जैन थाना प्रभारी तेन्दूखेड़ा, प्र.आर. बृजेश तिवारी, प्र.आर. महेश ठाकुर, आर. रणधीर दांगी, आर. रणजीत राणा, आर. शैलेन्द्र बघेल, आर. नीरज नामदेव, सलीम खान मौजूद रहे।

# घर में घुसे व्यक्ति को किया पुलिस के हवाले

**रनेह।** बीते लंबे समय से ग्राम में चोरियों का क्रम निरंतर जारी है। कभी चोर सूने घरों को शिकार बनाते है तो कभी दुकानों के ताले तोड़ते हैं। लगातार चोरियां करने के बावजूद पुलिस की गिरफ्त से दूर रहकर अपने काम को पुलिस की आंखों में धूल झोंककर अंजाम देने में सक्रिय है। प्राप्त जानकारी दामोदर तंतुवाय निवासी रनेह के मकान में गत रात्रि करीब 2 बजे चोरी करने की नियत से गोली अहिरवार निवासी सकोर थाना गैसाबाद घर में घुसा। रोहिणी तंतुवाय ने चोर की आहट सुनकर परिजनो को जगाया और चोर को धर दबोचा। रात्रि मैं ही 100 डायल पर फोन कर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने क्या कार्यवाही की इसकी जानकारी नही मिल सकी। बाहर का व्यक्ति किस उद्देश्य से घर में घुसा उसका उद्देश्य चोरी करना या कुछ ओर था यह रहस्य बना हुआ है। शराब के नशे में व्यक्ति घर के अंदर कैसे घुस गया जैसे प्रश्न प्रश्न चिन्ह बने हुए है।

### अब अप्रेल में कीमत आसमान पर

# एक लाख के पार हुआ सोना, साढ़े तीन माह में 25 हजार हुआ महंगा



**हटा।** सोने की कीमत अप्रेल माह में बहुत तेजी से बढ़ रही है। इस वर्ष नए साल में साढ़े तीन माह में अब तक ऐतिहासिक करीब 25 हजार रुपए दाम बढ़ चुके हैं। इसके पहले कभी भी सोने के दाम इतनी रफ्तार से नहीं बढ़े हैं। बीते वर्ष सालभर में दाम 19300 रुपए बढ़े थे, लेकिन अब उससे ज्यादा दाम बढ़ चुके हैं। विगत 31 दिसंबर को सोने की कीमत 78400 रुपए थी, जो इस समय एक लाख रुपए पार हो गई है वहीं चांदी भी सोने का पीछा करते हुए 96 हजार 800 रुपए प्रति किलो बिक रही है और कुछ दिनों में एक लाख रुपए पार करने की उम्मीद जताई जा रही है। यह दाम शनिवार को बंद हुए बाजार का है। सोमवार को बाजार खुलने के बाद अगले सप्ताह सोने के दाम कभी भी एक लाख तक जा सकते हैं। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेश भी लगातार बढ़ रहा है। नए साल में अब तक सोने के दाम 19900 रुपए बढ़े हैं, यह अब तक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी इतने कम समय में इतने दाम नहीं बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को कीमत 78400 रुपए थी, 1 जनवरी को कीमत 79 हजार रही। 7 जनवरी को कीमत 80 हजार पहुंची। इसके बाद एक सप्ताह में कीमत 81 हजार के पार हो गई। फिर एक सप्ताह के बाद कीमत 82 हजार हुई और अंतिम सप्ताह में पहले कीमत 83 हजार हुई और फिर माह के अंतिम दिन 31 जनवरी को कीमत 84150 रही। फरवरी में करीब पांच हजार दाम बढ़े और कीमत 89 हजार तक गई। इसके बाद कीमत में कमी आई और फिर मार्च में कीमत में तेजी आती चली गई। मार्च में माह के अंतिम दिन कीमत ने नया रिकॉर्ड बनाया और कीमत 93 हजार के भी पार हो गई। इसके बाद अब अप्रैल में कीमत और आसमान पर जा रही है। अब तो कीमत एक लाख से पार हो गई है और दो-तीन दिन में ओर भी कीमत आसमान छू सकती है। सोने ने बीते साल निवेशकों को सबसे ज्यादा लुभाने का काम किया है। सोने की कीमत बीते साल भी तेजी से बढ़ी। पहले कभी इतनी तेजी से कीमत नहीं बढ़ी थी।

# हादसा: ट्रक के कट मारते ही पेड़ से टकराया ट्रैक्टर, दो टुकड़ों में टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थानांतर्गत दमोह जबलपुर नेशनल हाईवे 34 पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। 17 मिल के आगे जबेरा की ओर जा रहा एक ट्रैक्टर को ट्रक ने कट मार दिया, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे लगे एक पेड़ से टकराकर दो टुकड़ों में टूट गया।



### चालक की जान बाल-बाल बची

हादसे में ट्रैक्टर चालक अजीत पटेल की जान बाल-बाल बच गई। वह सिहोरा से न्यू ट्रैक्टर उठाकर महाराजपुर देवरी एजेंसी देने के लिए निकला था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया और चालक उछलकर जमीन पर गिर गया। स्थानीय लोगों ने चालक को उठाकर छाया में बिठाया और पानी पिलाया। कुछ देर बाद उसे होश आ गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दो टुकड़ों में टूटे ट्रैक्टर की रखवाली की जिम्मेदारी चालक को सौंपकर चली गई। हादसे के बाद हंड्रेड डायल को फोन लगाया गया, लेकिन वह घंटे भर बाद घटनास्थल पर पहुंची। चालक को होश आने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# बनवार बड़े घाट सेतु पर पर सड़क सुरक्षा की अनदेखी

### खतरनाक आंधी मोड पर नहीं लगे चेतावनी संकेत बोर्ड



**बनवार।** बनवार बांदकपुर रोड पर जिले की सबसे बड़ी ब्यारमा नदी पर बने बड़े घाट सेतु से जोड़ने वाली खतरनाक अंधे मोड़ पर संकेतक बोर्ड न होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ा हुआ है। वावजूद इसके सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक उपायों की कमी बनी हुई। दशकों पूर्व में बना बनवार बड़े घाट सेतु पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चेतावनी संकेतक बोर्ड सेतु के दोनों साइड होना बहुत महत्वपूर्ण है। यह ड्राइवर को दुर्घटना से बचा सकता है और सड़क पर दुर्घटनाओं को कम करने में मदद करता है। लेकिन क्षेत्रवासियों ने सेतु निगम एवं प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है और हादसों का खतरा होने के बावजूद सेतु से जुड़ने वाले खतरनाक अंधे मोड़ पर संकेत बोर्ड नही लगाना सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं गया है। यह गंभीर लापरवाही को दर्शाता है और महादेव घाट जैसा कोई बड़ा हादसा होने का खतरा बढ़ा देता है प्रशासन का रवैया भीषण सड़क हादसों के बाद सुरक्षा के इंतजाम करने का शुरू से रहा है। अगर पहले ही संकेतक बोर्ड और दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय कर दिए जाते, तो कम से कम लोगों की जानें तो बच सकती है। सौरव गंधर्व एसडीएम तेंदूखेड़ा का कहना है मेरे संज्ञान में मामला लाया है। बनवार बड़ी घाट सेतु के अंधे मोड़ पर चेतावनी संकेत बोर्ड लगवाने सहित सड़क सुरक्षा के लिए जितने भी जरूरी उपाय हैं करवाता हूं।

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद आपत्तिजनक पोस्ट

**दमोह।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों के ऊपर हमले की जानलेवा आतंकी घटना से पूरे देश में जहां शोक व्याप्त है वही आतंकियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्यवाही की मांग की जा रही है।इधर इस आतंकी घटना के बाद दमोह में फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट अपडेट करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज करके कार्यवाही की है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकी हमले में 27 निर्दोष पर्यटकों की जाति व धर्म पूँछकर हत्या कर देने के घटना क्रम से पूरे देश में सोशल मीडिया के जरिए सांप्रदायिक तनाव भड़काने वालों पर नजर रखी जा रही है। दमोह के वसीम खान द्वारा पहलगाम हमले के बाद फेसबुक पर एक आपत्ति जनक पोस्ट अपडेट की गई थी। तनवीर अहमद द्वारा उस पोस्ट के समर्थन में कमेंट किया गया था। जिस पर साइबर सेल के जरिए यह मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए दमोह कोतवाली में उपरोक्त दोनों युवको के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके उनकी तलाश की जा रही है। दमोह सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि पहलगाम हमले को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर वसीम खान और तनवीर कुरैशी पर सांप्रदायिक सौहाद्र बिगाड़ने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट तथा उसे पर कमेंट करने से बचे। पुलिस का साइबर सेल लगातार सोशल मीडिया पर नजर रखे हुए हैं।

# नियमित योग, प्राणायाम, से हो रहा स्वास्थ्य लाभ : योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




मध्य प्रदेश योग आयोग के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र विगत 18 माह से जिम्नेजियम हाल, उत्कृष्ट विद्यालय में संचालित है, जहां मुख्य योग प्रशिक्षक पी. सी. शर्मा एवं योगाचार्य नीरज जैन के द्वारा सुबह 6 बजे से 7 तक योग, प्राणायाम, आसन का अभ्यास कराया जाता है। मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह राजपूत ने बताया कि योग आयोग के दिशा निर्देश में यह मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र नियमित संचालित है, जिसमें प्रतिदिन 10 से 15 योग साधकों की उपस्थिति रहती है। मैं सभी नगर वासियों से अनुरोध करता हूं कि जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग, प्राणायाम, आसन,आहार बिहार का प्रशिक्षण सुबह 6:00 बजे से जिम्नेजियम हाल, उत्कृष्ट विद्यालय में निः शुल्क प्रशिक्षण ले सकते हैं इसके अलावा हमारे नियमित योग कक्षाएं सर्किट हाउस, जटाशंकर योग प्रशिक्षक उस्ताद राकेश जैन, न्यू दमोह पतंजलि पार्क. पंडित कृष्ण कुमार परोहा, बड़ी देवी गायत्री मंदिर पार्क परिसर श्री खरे जी, डॉ. रशीद, बेलाताल हनुमान मंदिर योग प्रशिक्षक पंडित विनोद दुबे, डायमंड पार्क योग प्रशिक्षक छिदामी राठौर, शिक्षक कॉलोनी छत्रसाल पार्क श्रीमती रीता वर्मा, होमगार्ड ग्राउंड डॉक्टर दिनेश नामदेव, मानस भवन पतंजलि चिकित्सालय वेदराज देवेंद्र उपाध्याय, सुभाष कॉलोनी डॉक्टर नितिन खरे, सुरेखा कॉलोनी एवं सिद्धिविनायक कॉलोनी श्रीमती रोशनी चतुर्वेदी आदि के द्वारा योग कक्षा संचालित है आप अपनी सुविधा अनुसार योग कक्षा में पहुंचकर योग का प्रशिक्षण लेकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। वैशाख का माह चल रहा है। स्वास्थ्य लाभ हेतु पतंजलि चिकित्सालय, दमोह एवं उत्कृष्ट शिक्षा एवं स्वस्थ महिला समिति दमोह के सौजन्य से 27 अप्रैल, रविवार को मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केंद्र कक्षा में उपस्थित साधकों को बेल का शरबत निःशुल्क दिया जाएगा।

### संत निरंकारी मिशन द्वारा मानव एकता दिवस का आयोजन कल

**दमोह।** मन्तव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मानव एकता दिवस' का आयोजन 24 अप्रैल, 2025 को जहाँ एक ओर ग्राउंड नं0 8, निरंकारी चौक, बुराड़ी में किया जायेगा वहीं इसी कड़ी में संत निरंकारी मिशन की शाखा दमोह द्वारा कल 24 अप्रैल दिन गुरुवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, शिविर के पश्चात शाम को 6 बजे 8 बजे तक जबलपुर से आए हुए महात्मा रोहित आसवानी के पावन सानिध्य में सत्संग का आयोजन भी किया गया है रक्तदान जागरूकता हेतु शहर में आज सुबह 10 बजे वाहन रैली भी निकाली गई, वह निरंकारी भवन सिंधी धर्मशाला से निकलकर किल्लाई नाका, बस स्टेंड, घंटाघर, स्टेशन चौराहा, तीन गुल्ली होते हुए वापस भवन पहुंची, सेवादल के भाई बहिनों एवं छब्ट मेंबर्स ने नगरवासियों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया।

# शराब की लाइसेंसी दुकान दो, लेकिन 16 गांवों में बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद



आबकारी विभाग द्वारा ग्राम गैसाबाद एवं हिनौता कला में शराब की लाइसेंसी दुकाने अधिकृत की गई है इन दुकानों का ठेका छतरपुर की शराब कंपनी द्वारा लिया गया है लेकिन शराब ठेकेदार द्वारा अधिकृत हिनौता गैसाबाद की दुकानों की आड़ मे हिनौता गैसाबाद के आस पास वाले ग्रामीण क्षेत्र के करीबन 16 गांव में अपने कमीशन एजेंट बिठाकर अवैध शराब बिक्री का कारोबार चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पिपरिया, शराब चोपरा, घुटारिया, देवरागड़ी, बरखेरा, मुराछ, सुजानतलैया, मुहरई, खमरगौर, दादपुर, कचनारी, नकटी, भैंसा, देवराजामशा,गरैह आदि गांव में अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। ग्रामीण बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा कुछ लोगों से डिपॉजिट के तौर पर कुछ पैसा जमा कराकर उनके नाम की डायरी बना के उन्हें शराब सप्लाई करने का एजेंट नियुक्त किया गया है जो गांव-गांव में अवैध शराब का कारोबार चला रहे हैं। ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि गैसाबाद शराब दुकान पर ठेकेदार द्वारा एमआरपी रेट से अधिक दामों पर शराब बेची जा रही है लोगों के बताए मुताबिक देसी मसाला शराब का एक पाव 110 रू में बेचा जा रहा है जबकि पाव पर MSP rate 92, एवं एमआरपी रेट 106 रू अंकित है इसी तरह देसी प्लेन का एक पाव 90 रू का बेचा जा रहा है जबकि पाव पर एमएसपी रेट 65 रू एवं MRP rate 75 रू स्पष्ट लिखा हुआ है ठेकेदार की मनमानी के चलते गांव गांव में शराब की दुकानें संचालित होने लगी हैं जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो रही है। ग्रामीण जनों ने पुलिस प्रशासन से गांव गांव में चाय पान की तरह बिक रही अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

अवैध शराब के कारोबार पर मेरी कड़ी नजर है, एक पुलिस टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाए जाने का प्रयास निरंतर जारी है। - **प्रीति पांडे ,**
**थाना प्रभारी गैसाबाद**